मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

## जेएमआई ने मनाया महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस – 2025

नई दिल्ली, 03 सितम्बर 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के खेल एवं क्रीड़ा विभाग ने भारत के महान हॉकी खिलाड़ी और हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में 29 अगस्त से 31 अगस्त, 2025 तक "राष्ट्रीय खेल दिवस (एनएसडी)-2025" मनाया। इस वर्ष का विषय, खेल की शक्ति के माध्यम से एक स्वस्थ, समावेशी और सक्रिय भारत के निर्माण के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसकी टैगलाइन है "एक घंटा खेल के मैदान में"।

इस अवसर पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक कई गतिविधियाँ/कार्यक्रम आयोजित किए गए। 31 अगस्त 2025 को विश्वविद्यालय के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों दोनों के लिए "संडे ऑन साइकिल" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के माननीय कुलपति प्रो. मज़हर आसिफ़ ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। साइकिल चालकों ने स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए लगभग आधे घंटे तक साइकिल चलाई और पूरी यात्रा के दौरान "मेजर ध्यानचंद जी की याद में, एक घंटा खेल के मैदान में" का नारा लगाते रहे। साइकिल यात्रा सुबह 7:00 बजे विश्वविद्यालय के शताब्दी द्वार (गेट संख्या 13) से शुरू होकर  विधि संकाय तक गई, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय की ओर एक चक्कर लगाया और फिर शताब्दी द्वार (गेट संख्या 13) पर वापस आ गई।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो. मज़हर आसिफ़ ने भारत के सबसे प्रसिद्ध खेल व्यक्तित्व, मेजर ध्यानचंद, जिन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता है; के महत्वपूर्ण प्रभाव पर ज़ोर दिया। प्रो. आसिफ़ ने विश्वविद्यालय के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों, दोनों से मोटापे से निपटने के लिए खेल और फिटनेस गतिविधियों में शामिल होकर एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिज़वी ने राष्ट्रीय खेल दिवस-2025 के उपलक्ष्य में खेल और फिटनेस कार्यक्रमों के आयोजन हेतु खेल एवं क्रीड़ा विभाग द्वारा की गई पहलों की सराहना की। उन्होंने एक स्वस्थ और तंदुरुस्त जीवनशैली बनाए रखने के लिए दैनिक जीवन में शारीरिक व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डाला।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के मानद खेल एवं क्रीड़ा निदेशक प्रो. नफीस अहमद ने राष्ट्रीय खेल दिवस-2025 के आयोजन के संबंध में एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कर्मचारियों को खेल और फिटनेस गतिविधियों में शामिल होकर एक स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन और स्थायी जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

29 और 30 अगस्त, 2025 को विश्वविद्यालय के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए एक वॉलीबॉल टूर्नामेंट और एक क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया।

इससे पहले 29 अगस्त 2025 को जामिया स्कूल के छात्रों के लिए मेजर ध्यानचंद अंतर-विद्यालय हॉकी टूर्नामेंट की घोषणा की गई थी। जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मल्टी-पर्पस हॉल में स्कूल के खेल-

छात्रों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के मानद खेल निदेशक द्वारा फिट इंडिया मिशन पर एक व्याख्यान भी दिया गया।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी